an>

Title: Need to construct over bridges or underpasses on level crossings in Junagarh Parliamentary Constituency, Gujarat.

*mo1

श्री राजेशभाई चुड़ासमा (जूनागढ़): मेरा संसदीय क्षेतृ जूनागढ़ (गुजरात) ऐतिहासिक और धार्मिक स्थान है। जूनागढ़ शहर में सात रेलवे फाटक हैं जो दिन के बारह घण्टे में तीन घण्टे बंद रहते हैं जिसकी वजह से यहां के नागरिकों और यहाँ आने वाले पर्यटकों को भी यातायात की समस्या का सामना करना पड़ता है। रोगियों को भी आपातकाल के समय में अस्पताल पहुंचने में परेशानी आती है। फाटक बंद होने की वजह से पेट्रोल, डीजल तथा समय का काफी नुकसान होता है और शहर थम सा जाता है। जोशीपुरा रेलवे फाटक संख्या-81 दिन में 30 से अधिक बार बंद किया जाता है।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि जूनागढ़ शहर के नागरिकों की समस्या को देखते हुए इन सभी रेलवे फाटकों पर ओवर ब्रिज या अण्डर पास बनाये जाने की शीघ्रातिशीघ्र कृपा करें।